नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

## हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने कार्यभार ग्रहण किया

वर्धा, 20 अप्रैल 2019 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के नए कुलपति के रूप में



प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल ने शनिवार, 20 अप्रैल को कार्यभार ग्रहण किया है। उन्होंने वर्तमान कुलपति



प्रो. गिरीश्वर मिश्र से कार्यभार लिया। कुलपति कार्यालय में पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित कार्यक्रम में कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह, वित्ताधिकारी क़ादर नवाज़ ख़ान, साहित्य विद्यापीठ की अधिष्ठाता प्रो. प्रीति सागर, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. कृपाशंकर चौबे, स्थापना विभाग के सहायक कुलसचिव श्री सुशील पखिडे, कुलपति के स्वीय सचिव तथा सहायक कुलसचिव राजेश अरोड़ा, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, परीक्षा प्रभारी के. के. त्रिपाठी, अनुवाद अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, दूर शिक्षा निदेशालय के स्थापना एवं प्रशासन विभाग के अनुभाग अधिकारी संजय तिवारी, वित्त विभाग के सहायक कमल शर्मा आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

प्रारंभ में वर्तमान कुलसचिव प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने प्रो. रजनीश शुक्ल का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। इसी क्रम में कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह, वित्ताधिकारी का़दर नवाज़ ख़ान आदि ने कुलपति प्रो. शुक्ल का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के साथ महादेवी वर्मा सभा कक्ष में बैठक की।

प्रो. शुक्ल भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सदस्य सचिव रहे हैं। वे सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में तुलनात्मक दर्शन और धर्म के प्रोफेसर तथा माननीय राष्ट्रपति द्वारा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कोर्ट के नामांकित सदस्य भी रहे हैं। वे नई दिल्ली के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के वाराणसी क्षेत्र के सलाहकार समिति के सदस्य भी रहे हैं। प्रो. शुक्ल ने महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी से स्नातक एवं परास्नातक की उपाधि एवं बीएचयू से दर्शनशास्त्र में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।

----------------------------------------------------------------------------------------------------

**हिंदी विश्वविद्यालयाचे कुलगुरु प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल यांनी स्वीकारला पदभार**

वर्धा, 20 एप्रिल 2019 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा चे नवे कुलगुरु म्हणून प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल यांनी शनिवार, 20 एप्रिल रोजी कुलगुरु म्हणून पदभार ग्रहण केला. त्यांनी वर्तमान कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांच्याकडून कार्यभार घेतला. कुलगुरु कार्यालयात सकाळी 11.00 वा. आयोजित कार्यक्रमात कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह, वित्त अधिकारी क़ादर नवाज़ ख़ान, साहित्य विद्यापीठाच्या अधिष्ठाता प्रो. प्रिती सागर, मानविकी व सामाजिक विज्ञान विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. कृपाशंकर चौबे, स्थापना विभागातील सहायक कुलसचिव श्री सुशील पखिडे, कुलगुरुंचे स्वीय सचिव तथा सहायक कुलसचिव राजेश अरोड़ा, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, परीक्षा प्रभारी के. के. त्रिपाठी, अनुवाद अध्ययन विभागाचे अध्यक्ष डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, दूर शिक्षा निदेशालयाचे डॉ. सुशील त्रिपाठी, स्थापना, प्रशासन विभागाचे अनुभाग अधिकारी संजय तिवारी, वित्त विभागाचे सहायक कमल शर्मा प्रामुख्याने उपस्थित होते.

प्रारंभी मावळते कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांनी प्रो. रजनीश शुक्ल यांचे पुष्पगुच्छ देवून स्वागत केले. यानंतर कार्यकारी कुलसचिव प्रो. के. के. सिंह, वित्ताधिकारी का़दर नवाज़ ख़ान आदिंनी प्रो. शुक्ल यांना पुष्पगुच्छ देवून स्वागत केले. कार्यभार ग्रहण केल्यानंतर लगेच त्यांनी अधिष्ठाता, विभाग अध्यक्ष आणि इतर पदाधिका-यांसोबत चर्चा केली. प्रो. शुक्ल हे भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नवी दिल्ली सदस्य सचिव पदावर होते. त्यांनी सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी येथे तुलनात्मक दर्शन

आणि धर्म विषयाचे प्रोफेसर तथा माननीय राष्ट्रपती द्वारा बनारस हिंदू विश्वविद्यालयाचे कोर्टचे नामांकित सदस्य राहिले आहेत. ते इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नवी दिल्लीच्या वाराणसी क्षेत्राचे सल्लागार समितीचे सदस्य राहिले असून त्यांनी बनारस हिंदू विद्यापीठातून दर्शनशास्त्रात पीएचडी उपाधी प्राप्त केली आहे.

--------------------------------------------------

***माननीय संपादक/संवाददाता***
***महोदय, कृपया संलग्न समाचार को प्रकाशित कर अनुगृहीत करें।***
***धन्यवाद।***